देहरादून,पौड़ी-गढ़वाल व अल्मोड़ा से प्रकाशित | www.page3news.in | नगर संस्करण वर्ष 16 अंक: 115 पृष्ठ : 8 मूल्य: एक रूपए

**विचार-प्रवाह...**मंत्रियों के कामकाज पर थे सवाल



# पेज श्री

देहरादून, बुधवार, 4 अगस्त 2021



मौसम — अधिकतम 28.0° न्यूनतम 24.0°

42243.40

2 तालिबान के खिलाफ खड़ी हुई जनता
7 लवलीना की नजर इतिहास रचने पर

# दूसरी लहर अभी खत्म नहीं हुई

## देश में 18 जिले ऐसे हैं जहां पिछले 4 हफ्तों से कोविड मामलों में हुई बढ़ोतरी: स्वास्थ्य मंत्रालय

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। देश में फिर कोरोना के बढ़ते मामलों और टीकाकरण की स्थिति को लेकर स्वास्थ्य मंत्रालय की प्रेस कांफ्रेंस में संयुक्त सचिव लव अग्रवाल ने कहा कि देश में 18 जिले ऐसे हैं जहां पिछले 4 हफ्तों से कोविड मामलों में बढ़ोतरी देखी जा रही है। इन 18 जिलों से देश के 47.5 फीसद कोविड मामले आ रहे हैं। केरल के 10 जिलों से पिछले एक हफ्ते में 40.6 फीसद कोरोना मामले आए हैं। 44 जिले ऐसे हैं जहां मामले की पॉजिटिविटी रेट 10 फीसद से अधिक है। ये जिले केरल, मणिपुर, मिजोरम और नागालैंड में हैं। 1 जून को 279 जिले थे, जहां 100 से अधिक मामले सामने आए थे, लेकिन अब यह 57 जिलों में आ गया है, जहां देश में 100 से अधिक मामले सामने आ रहे हैं।

लव अग्रवाल ने कहा कि 10 मई को देश में 37 लाख सक्रिय मामले थे वह घटकर अब 4 लाख रह गए। एक राज्य ऐसा है जहां 1 लाख से अधिक सक्रिय मामले हैं और 8 राज्य ऐसे हैं जहां 10,000 से 1 लाख सक्रिय मामले हैं। 27 राज्य ऐसे हैं जहां 10,000 से भी कम सक्रिय मामले हैं।

### केरल के 10 जिलों से 40.6 फीसद कोरोना मामले आए

*देश में अभी भी कोविड की दूसरी लहर खत्म नहीं हुई है। प्रतिदिन 30 हजार से ज्यादा मामले सामने आ रहे हैं। अभी भी हमें दूसरी लहर को सबसे पहले नियंत्रण करना है।*

स्वास्थ्य मंत्रालय के संयुक्त सचिव लव अग्रवाल।



देश में टीकाकरण को लेकर उन्होंने कहा कि देश में कुल 47.85 करोड़ खुराकें दी गईं, जिसमें पहली खुराक की 37.26 करोड़ और दूसरी खुराक की 10.59 करोड़ शामिल हैं। कुछ ऐसे राज्य हैं, जहां 3 करोड़ से अधिक टीकाकरण की खुराक की आपूर्ति की गई है। यूपी को 4.88 करोड़ डोज, महाराष्ट्र को 4.5 करोड़ डोज और गुजरात को 3.4 करोड़ डोज दी गई है।

उन्होंने कहा कि उन्होंने कहा कि दुनिया भर में बड़ी संख्या में कोरोना के मामले सामने आ रहे हैं और महामारी अभी खत्म नहीं हुई है। जहां तक भारत का सवाल है, दूसरी लहर अभी खत्म नहीं हुई है। प्रतिदिन 30 हजार से ज्यादा मामले सामने आ रहे हैं। अभी भी हमें दूसरी लहर को सबसे पहले नियंत्रण करना है।

उन्होंने कहा कि प्रजनन (आर) संख्या का उपयोग कर विकास दर और सक्रिय मामलों का भी आकलन किया जाता है। यह संपूर्ण संक्रामक अवधि के दौरान एक संक्रमित व्यक्ति द्वारा उत्पन्न नए संक्रमणों की औसत संख्या है।

### 24 घंटे में 30,549 नए केस, 422 की गई जान

देश में बीते छह दिनों से लगातार बढ़ रहे कोरोना के सक्रिय मामलों में एक बार फिर कमी दर्ज की गई है। केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय की तरफ से जारी आकड़ों के अनुसार 24 घंटे में कोरोना वायरस के 30,549 नए मामले मिले हैं। इसके बाद देश में महामारी के मामलों की कुल संख्या बढ़कर 3 करोड़ 17 लाख 26 हजार 507 हो गई है। वहीं, संक्रमण से 422 और लोगों की मौत होने से मृतकों की संख्या बढ़कर 4 लाख 25 हजार 195 हो गई है। उपचाराधीन मामलों की संख्या भी घटकर 4 लाख पर आ गई है। 28,887 नए मरीजों के डिस्चार्ज होने के बाद कुल डिस्चार्ज हुए मरीजों की संख्या 3 करोड़ 8 लाख 96 हजार 354 पहुंच गई है।

### राज्यों को अब तक मिले कोरोना वैक्सीन के 49.85 करोड़ से अधिक डोज

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने मंगलवार सुबह देश के सभी राज्यों व केंद्रशासित प्रदेशों में कोरोना संक्रमण से बचाव के लिए जारी वैक्सीनेशन अभियान के हालात की जानकारी दी। मंत्रालय ने बताया कि अब तक केंद्र की ओर से सभी राज्यों/केंद्रशासित प्रदेशों को अब तक 49.85 करोड़ से अधिक वैक्सीन की खुराकें भेजी जा चुकी हैं। इसमें से अभी इनके पास 2.75 करोड़ खुराकें इस्तेमाल के लिए अभी बची हुई हैं। मंगलवार सुबह जारी किए गए डाटा के अनुसार अब तक केंद्र ने सभी स्रोतों के जरिए देशभर में 49,85,51,660 खुराकें वितरित की हैं और 20,94,890 खुराकें अभी पाइपलाइन में हैं। मुहैया कराई गई कुल खुराकों में से 47,52,49,554 की खपत हुई है।

## संक्षिप्त समाचार

### पेगासस मामले पर राहुल व विपक्षी नेताओं ने बैठक की

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी और कई अन्य विपक्षी नेताओं ने पेगासस जासूसी मामला, महंगाई और किसानों के मुद्दे पर मंगलवार को बैठक की जिसमें इस बात पर जोर दिया गया कि इन मुद्दों को लेकर सरकार को घेरने और दबाव बनाने के लिए वे एकजुट होकर साझा रणनीति पर काम करेंगे। हालांकि इसमें आमंत्रित पार्टियों में बहुजन समाज पार्टी और आम आदमी पार्टी ने भाग नहीं भाग लिया।

### 10वीं मे रिकार्ड 99.04 प्रतिशत छात्र उत्तीर्ण

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) की 10वीं कक्षा के मंगलवार को घोषित परिणामों में अब तक के सर्वाधिक 99.04 प्रतिशत छात्र उत्तीर्ण हुए। इस बार भी लड़कियों ने लड़कों को पीछे छोड़ दिया। लड़कों के मुकाबले 0.35 प्रतिशत अधिक लड़कियां उत्तीर्ण हुईं।

# गोगरा से पीछे हटेंगे भारत-चीन के सैनिक

## कोर कमांडर स्तर की मीटिंग के बाद पीछे हटने को तैयार हुआ ड्रैगन

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। भारत और चीन पूर्वी लद्दाख के गोगरा हाइट्स क्षेत्र, जिससे पीपी 17 ए के नाम से जाना जाता है से अपनी सेना हटाने पर राजी हो गए हैं। भारत-चीन कोर कमांडर स्तर की बैठक का 12वां दौर भारत की ओर चुशुल-मोल्डो सीमा मिलन स्थल पर आयोजित किया गया। गोगरा हाइट्स क्षेत्र में दोनों देशों की सेना पिछले साल मई से ही आमने-सामने है।

भारत और चीन के बीच वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर जारी गतिरोध खत्म होते दिखाई दे रहे हैं। मोल्डो में कमांडर स्तर की वार्ता से सुलह की एक राह निकली है। भारत और चीन पूर्वी लद्दाख के गोगरा हाइट्स क्षेत्र से अपनी सेना हटाने पर राजी हो गए हैं।

वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर चुशुल-मोल्डो में पिछले शनिवार को करीब नौ घंटे तक चली इस बातचीत में भारत ने स्पष्ट तौर पर कह दिया था कि दोनों देशों के लिए शांति बनाए रखने के लिए चीन देपसांग, गोगरा और हाटस्प्रिंग से अपने सैनिकों को तुरंत वापस बुलाए और सैन्य साजो सामान हटाए। दोनों देशों ने 2 अगस्त को एक संयुक्त बयान जारी किया था। पैंगॉन्ग झील इलाके से फरवरी महीने में दोनों देशों की सेना हटाई गई थी, उसके बाद से गोगरा हाइट्स इलाके से सेना हटाने का मसला लंबित था। इसे लेकर दोनों देश की सेना में सहमति नहीं बन पा रही थी।

सूत्रों की मानें तो दोनों देशों के बीच बनी इस सहमति पर कार्रवाई भी जल्द ही शुरू हो सकती है। दोनों देशों की सेना जल्द ही गोगरा हाइट्स से हट सकती है।

### बैठक में क्षेत्रों को लेकर गहन चर्चा

दोनों देशों के बीच यह वार्ता 14 जुलाई को दुशांबे में भारत और चीन के विदेश मंत्रियों की मुलाकात और 25 जून को भारत-चीन सीमा मामलों (डब्लूएमसीसी) पर परामर्श और समन्वय तंत्र की बैठक के बाद हुई। इस बैठक में भारत और चीन ने एलएसी के पश्चिमी सेक्टर के उन इलाकों से सेना हटाने को लेकर गतिरोध वाले क्षेत्रों को लेकर गहन चर्चा किया।



# गरीबों के सशक्तीकरण को प्राथमिकता दे रही है सरकार

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को कहा कि केंद्र सरकार गरीबों के सशक्तीकरण को आज सर्वोच्च प्राथमिकता दे रही है और इसी को ध्यान में रखते हुए प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के तहत लाखों परिवारों को निशुल्क राशन दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि ये मुफ्त राशन वैश्विक महामारी के इस समय में गरीब की चिंता कम करता है और उनका विश्वास बढ़ाता है।

प्रधानमंत्री ने वीडियो कान्फ्रेंस के माध्यम से गरीब कल्याण अन्न योजना के गुजरात के लाभार्थियों से संवाद के दौरान यह बात कही। इस कार्यक्रम में गुजरात के मुख्यमंत्री विजय रूपाणी और उपमुख्यमंत्री नितिन पटेल भी उपस्थित थे। उन्होंने कहा, "आज दो रुपए किलो गेहूं और तीन रुपए किलो चावल के कोटे के अतिरिक्त हर लाभार्थी को पांच किलो गेहूं और चावल मुफ्त दिया जा रहा है। यानि इस योजना से पहले की तुलना में राशनकार्डधारियों को लगभग दोगुनी मात्रा में राशन उपलब्ध कराया जा रहा है।" उन्होंने कहा कि इस योजना के लाभार्थियों को दीवाली तक पेट भरने के लिए जेब से कोई पेसा खर्च नहीं करना पड़ेगा।

प्रधानमंत्री ने कहा यह मुफ्त राशन वैश्विक महामारी के इस समय में गरीब की चिंता कम करता है और उसका विश्वास भी बढ़ाता है। उन्होंने कहा कि आजादी के बाद से ही करीब-करीब हर सरकार ने गरीबों को सस्ता भोजन देने की बात कही थी और सस्ते राशन की योजनाओं का दायरा और बजट साल दर साल बढ़ता गया लेकिन उसका जो प्रभाव होना चाहिए था, वह सीमित ही रहा। उन्होंने कहा, "देश के खाद्य भंडार बढ़ते गए लेकिन भुखमरी और कुपोषण में उस अनुपात में कमी नहीं आ पाई। इसका एक बड़ा कारण था- प्रभावी डिलिवरी सिस्टम का ना होना।

### योजना

- दिवाली तक चलेगी गरीब कल्याण अन्न योजना

*Are you Planning to make a Website or already have ?*

*If yes, then we are here to serve you*

What we do

**Website Development** — All type of Websites E-Commerce, Hotel Booking, Travel, Bus Ticket Booking, News Portal, Blogs, or as per client requirement.

**Promotion & Branding** — 1. Website Promotion & Branding in any country (200+ Countries) 2. Social Media 3. Bulk SMS

**Search Engine Optimisation** — A-2-Z Work to make a Website Search Engine Friendly. You tell us, we do it.

Contact: **Gadoli Media Ventures**

Shivam Market, 2nd Floor, Darshan Lal Chowk, Dehra Dun. I Mob: 9319700701, 7579011930

E-Mail: contact@gadoli.in

# हिंद-प्रशांत में चीनी मंसूबे को चुनौती

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। चीन की आक्रामक नीतियों के खिलाफ क्वाड के चार देश- भारत, अमेरिका, जापान और ऑस्ट्रेलिया- अपनी एकजुटता का दम दिखाने इसी महीने के आखिर में संयुक्त युद्धाभ्यास करेंगे। पश्चिमी प्रशांत महासागर में होने वाला मालाबार युद्धाभ्यास से चीन को मिर्ची लगनी तय है। भारत ने 13 साल बाद पिछले वर्ष नवंबर महीने में बंगाल की खाड़ी और अरब सागर में अमेरिका-जापान के साथ चल रहे युद्धाभ्यास में ऑस्ट्रेलिया को भी शामिल होने का न्योता दिया था। बदले में ऑस्ट्रेलिया भी चाहता है कि भारत वर्ष 2023 के उसके श्टैलिस्मैन साब्रेश वॉरगेम में शामिल हो। इस साल का टैलिस्मैन साब्रे वॉरगेम का बीते रविवार को क्विंसलैंड में समापन हुआ। हर दो साल में आयोजित होने वाले ऑस्ट्रेलिया के इस सबसे बड़े वॉरगेम में इस बार 17 हजार सैनिकों, 18 युद्ध नौकाएं, 70 युद्धक विमानों और 50 हेलिकॉप्टरों ने हिस्सा लिया। इसमें ऑस्ट्रेलिया के साथ अमेरिका, जापान, यूके, कनाडा, दक्षिण कोरिया और न्यूजीलैंड शामिल थे।

### मालाबार युद्धाभ्यास से साफ संदेश देंगे क्वाड के चारों देश